# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 24.07.2026 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, हिन्दुस्तान, जनवार्ता, जागरूक एक्सप्रेस,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 24.07.2026

#### गंगा में 5 इलेक्ट्रिक नावों का संचालन शुरू हुआ, मेयर ने किया लोकार्पण

माई सिटी रिपोर्टर

वाराणसी। वीडीए ने बृहस्पतिवार को नमो घाट पर गेल (इंडिया) के सहयोग से इलेक्ट्रिक बोट कन्वर्जन पायलट परियोजना के तहत गंगा में 5 इलेक्ट्रिक नावों का संचालन शुरू किया। इसके प्रथम चरण में मेयर अशोक कुमार तिवारी ने पांच इलेक्ट्रिक नावों का लोकार्पण किया।

इस मौके पर पारंपरिक नौकाओं को इलेक्ट्रिक में परिवर्तित कराने वाले दीपक साहनी, राकेश साहनी, ज्योतिलाल निषाद, दीपक कुमार साहनी और शुभम साहनी को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नाविकों ने इस पहल के लिए पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि इससे उनकी आय बढ़ेगी। गंगा की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा।

वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने कहा कि प्रथम चरण में 20 नावों को इलेक्ट्रिक प्रणाली में परिवर्तित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पायलट परियोजना की सफलता के आधार पर इसे आगामी समय में व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा। अतिथियों ने इलेक्ट्रिक नाव से नमो घाट से भदैनी घाट तक भ्रमण किया।



वीडीए व गेल इंडिया द्वारा बनाई गई इलेक्ट्रिक यात्री नाव। स्रोत वीडीए

इस अवसर पर गेल (इंडिया) के महाप्रबंधक सुशील कुमार उपस्थित रहे।

**अस्सी से नमो घाट तक इलेक्ट्रिक नाव का तीन बार होगा आवागमन :** आयरा इलेक्ट्रिक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गगन कुमार मेहता ने बताया कि हर इलेक्ट्रिक नाव में 15 किलोवाट क्षमता की इलेक्ट्रिक आउटबोर्ड मोटर, 20 किलोवाट क्षमता का लिथियम बैटरी पैक, ईवी चार्जर, डिजिटल डिस्प्ले, जीपीएस ट्रैकिंग व रिमोट मॉनिटरिंग प्रणाली जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। हर नाव सामान्य परिचालन में अस्सी घाट से नमो घाट के मध्य न्यूनतम तीन आवागमन (राउंड ट्रिप) करने में सक्षम है। चयनित घाटों पर मानकों के अनुरूप चार्जिंग की भी व्यवस्था की जा रही है।

### हिन्दुस्तान–दि0 24.07.2026

मेयर अशोक कुमार तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

#### नमो घाट से अस्सी तक 5 इलेक्ट्रिक नावें चलीं

**वाराणसी, प्रमुख संवाददाता।** महापौर अशोक कुमार तिवारी ने गुरुवार को नमो घाट से पांच इलेक्ट्रिक नावों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वीडीए और गेल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से इलेक्ट्रिक बोट कन्वर्जन पायलट प्रोजेक्ट के तहत गंगा में पहली बार इलेक्ट्रिक यात्री नावों का संचालन शुरू हुआ है। ये नावें अस्सी से नमो घाट के बीच चलाई जाएंगी।

महापौर ने कहा कि परंपरागत नावों की तुलना में इलेक्ट्रिक नावों की संचालन लागत में 80 प्रतिशत कमी आएगी। गंगा में डीजल के धुएं से होने वाले वायु और ध्वनि प्रदूषण की समस्या भी कम होगी। साथ ही नाविकों का मुनाफा बढ़ेगा। महापौर ने परंपरागत नावों को इलेक्ट्रिक में परिवर्तित कराने वाले पांच नाविकों दीपक साहनी, राकेश साहनी, ज्योतिलाल निषाद, दीपक कुमार साहनी और शुभम साहनी को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के पहले चरण में कुल 20 यात्री नावों को चरणबद्ध तरीके से बदला जा रहा है। इसकी सफलता के बाद सभी नावों पर यह लागू किया जाएगा। इस दौरान पार्षद मिथिलेश साहनी, गेल इंडिया लिमिटेड के जीएम सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।

**20** नावें पहले चरण में तब्दील की जाएंगी इलेक्ट्रिक में

**80** तक कमी संचालन लागत में आने की उम्मीद जताई गई

- घाटों पर ही की जाएगी इनकी बैटरी चार्ज करने की व्यवस्था
- गेल इंडिया और वीडीए के सहयोग से पायलट प्रोजेक्ट शुरू हुआ



नमो घाट पर इलेक्ट्रिक बोट को झंडी दिखाकर रवाना करते महापौर अशोक तिवारी।

**क्या खास है इलेक्ट्रिक नाव में:** आयरा इलेक्ट्रिक के सीईओ गगन मेहता ने बताया कि 15 किलोवाट क्षमता की इलेक्ट्रिक मोटर और 20 किलोवाट की लिथियम बैटरी लगाई गई है। इसमें ईवी चार्जर, डिजिटल डिस्प्ले, जीपीएस ट्रैकिंग और रिमोट मॉनीटरिंग सिस्टम हैं। उन्होंने कहा कि घाटों पर इन नावों की चार्जिंग हो सकती है। एक बार चार्ज होने पर नाव अस्सी घाट से नमो घाट के बीच तीन चक्कर लगा सकेगी।

## जागरूक एक्सप्रेस–दि0 24.07.2026

# नमो घाट पर पांच इलेक्ट्रिक नौकाओं का हुआ लोकार्पण

जिला संवाददाता



**वाराणसी (जागरुक एक्सप्रेस)।** गंगा नदी पर स्वच्छ और हरित जल परिवहन की दिशा में गुरुवार को नई शुरूआत हुई। वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) ने गेल (इंडिया) लिमिटेड के सहयोग से नमो घाट पर इलेक्ट्रिक बोट कन्वर्जन पायलट परियोजना के तहत पहली पांच इलेक्ट्रिक यात्री नौकाओं का लोकार्पण किया। महापौर अशोक कुमार तिवारी ने नौकाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपनी पारंपरिक नौकाओं को इलेक्ट्रिक प्रणाली में परिवर्तित कराने वाले पांच नाविकों दीपक साहनी, राकेश साहनी, ज्योतीलाल निषाद, दीपक कुमार साहनी और शुभम साहनी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा ने बताया कि पहले चरण में 20 यात्री नौकाओं को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक बनाया जा रहा है। परियोजना सफल होने पर इसका विस्तार किया जाएगा, जिससे वाराणसी देश के अन्य नदी शहरों के लिए भी मॉडल बनेगा। महापौर ने कहा कि इलेक्ट्रिक नौकाओं के संचालन से वायु, ध्वनि और जल प्रदूषण में कमी आएगी। साथ ही नाविकों की संचालन लागत करीब 80 प्रतिशत तक घटेगी, जिससे उनकी आय बढ़ेगी। पर्यटकों को भी शांत, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल जल यात्रा का अनुभव मिलेगा। आयरा इलेक्ट्रिक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गगन कुमार मेहता ने बताया कि प्रत्येक नौका में 15 किलोवाट की इलेक्ट्रिक आउटबोर्ड मोटर, 20 किलोवाट-घंटे की लिथियम बैटरी, जीपीएस ट्रैकिंग, डिजिटल डिस्प्ले और रिमोट मॉनिटरिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं हैं। एक बार चार्ज होने पर नौका अस्सी घाट और नमो घाट के बीच कम से कम तीन राउंड ट्रिप कर सकेगी। चयनित घाटों पर चार्जिंग स्टेशन भी विकसित किए गए हैं। कार्यक्रम के बाद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नाविकों ने नमो घाट से भदैनी घाट तक इलेक्ट्रिक नौका से जल भ्रमण कर परियोजना का अनुभव लिया।

## जनवार्ता–दि0 24.07.2026

# सैलानी अब गंगा में इलेक्ट्रिक नावों के सफर का लेंगे आनन्द

### वीडीए और गेल इंडिया की पहल, जीपीएस ट्रैकिंग से लैस नावें नमो घाट से अस्सी तक संचालित

**वाराणसी (जनवार्ता)।** काशी मोक्षदायिनी गंगा की धारा को स्वच्छ, निर्मल और ध्वनि-वायु प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इस क्रम में गुरुवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी ने ने रूपांतरित की गई पहली पांच इलेक्ट्रिक नौकाओं का लोकार्पण कर नाविकों को समर्पित किया।

**मेयर अशोक तिवारी ने किया शुभारम्भ, वीडीए उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा भी रहे मौजूद**



गुरुवार को नमो घाट पर इलेक्ट्रिक नाव के नाविक को सम्मानित करते मेयर, मौजूद रहे वीडीए वीसी।

वाराणसी विकास प्राधिकरण ने गेल के सहयोग से 'इलेक्ट्रिक बोट कन्वर्जन पायलट प्रोजेक्ट' के तहत गंगा में पहली बार इलेक्ट्रिक यात्री नौकाओं का संचालन शुरू कर दिया है।

नमो घाट पर आयोजित भव्य लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान महापौर ने बताया कि पारंपरिक नावों के मुकाबले इलेक्ट्रिक नौकाओं की संचालन लागत में 80 प्रतिशत तक की भारी कमी आएगी। इससे नाविकों का मुनाफा बढ़ेगा। साथ ही, डीजल के धुएं और तेज आवाज से मुक्ति मिलने से पर्यटकों और स्थानीय लोगों को शांत, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल नौकायन का आनंद मिलेगा। कार्यक्रम में नौकाओं को आधुनिक इलेक्ट्रिक सिस्टम में बदलने वाले नाविकों दीपक साहनी, राकेश साहनी, ज्योतीलाल निषाद, दीपक कुमार साहनी एवं शुभम साहनी को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

वीडीए के उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के पहले चरण में कुल 20 यात्री नौकाओं को चरणबद्ध तरीके से बदला जा रहा है। इस प्रयोग की सफलता के बाद इसे बड़े पैमाने पर लागू किया जाएगा, जिससे काशी देश के नदी-शहरों के लिए क्लीन वॉटर ट्रांसपोर्ट का एक बेहतरीन मॉडल बनेगा। समारोह के समापन पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अफसरों और नाविकों ने नमो घाट से भदैनी घाट तक इलेक्ट्रिक बोट से जल भ्रमण कर इसका प्रत्यक्ष अनुभव लिया। कार्यक्रम में गेल के जीएम सुशील कुमार भी मौजूद थे।